राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांकः 30.10.2026

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र भरने के अंतिम अवसर के संबंध में

प्रेस–नोट

आयोग द्वारा सांख्यिकी अधिकारी (S.O.), आयोजना (सांख्यिकी) विभाग के पदों की भर्ती, 2025 में पात्रता जांच हेतु जारी विचारित सूची दिनांक 08.10.2026 में सम्मिलित 379 अभ्यर्थियों से ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र दिनांक 20.10.2026 तक आमंत्रित किये गए थे। तदुपरांत पुनः अवसर प्रदान करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र भरवाये जाने हेतु दिनांक 24.10.2026 से दिनांक 28.10.2026 तक लिंक खुलवाया गया था। निर्धारित अवधि में निम्नांकित रोल नंबर वाले अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरा गया है:–

3593275, 3593447, 3593587, 3597884, 3598439

इन अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र भरने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 31.10.2026 से दिनांक 02.11.2026 (रात्रि 11:59 बजे) तक लिंक खोला जावेगा। अतः उक्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी अपनी SSO ID के माध्यम से recruitment portal पर My Recruitment → Detailed Form Cum Scrutiny → Apply Now का चयन कर अपना विस्तृत आवेदन पत्र समयान्तर्गत भरना सुनिश्चित करें।

निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले अभ्यर्थियों को इस हेतु अन्य कोई अवसर नहीं दिया जावेगा एवं ऐसे अभ्यर्थियों को अपात्र मानते हुए परिणाम/चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जावेगा। ऑफलाईन विस्तृत आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

(प्रकाश चन्द ओझा)
वरिष्ठ उप सचिव